# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:....................                                        Date:.........................

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (07/09/2024)**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE- 07.09.2024, PAGE-06**

# छात्र-छात्रा सकारात्मक सोच के साथ करें हर चुनौती का सामना : आशुतोष

## एलएस कॉलेज में प्रेरणा सत्र के दौरान पूर्व डीडीसी ने छात्रों का किया मार्गदर्शन

एजुकेशनरिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

लंगट सिंह कॉलेज सभागार में छात्र-छात्राओं के लिए शुक्रवार को प्रेरणा सत्र का आयोजन हुआ। शुरूआत पूर्व डीडीसी आशुतोष द्विवेदी, कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय व वरीय सहयोगियों ने की। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व डीडीसी ने छात्रों को बताया कि कठिनाइयां जीवन के हिस्सा हैं, लेकिन सकारात्मक सोच और मेहनत से किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है। मोबाइल का स्क्रीन टाइम कम करने की सलाह देते हुए कहा कि इसका मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है ध्यान केंद्रित करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि छात्र अपनी असीमित क्षमता और ऊर्जा से कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उन्होंने अनुशासन का पालन करने व कॉलेज की गरिमा बढ़ाने में योगदान देने की अपील की। मौके पर प्रो. राजीव झा, प्रो. फैयाज अहमद ने भी विचार रखे। जबकि, प्रो. गोपालजी, प्रो. एसआर चतुर्वेदी, डॉ. अर्धेंदु, डॉ. साजिदा अंजुम, डॉ. दिलीप यादव, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. विनीत कुमार, डॉ. कुंजेश कुमार, गुरु प्रसाद कश्यप, सुजीत कुमार, ऋषि कुमार आदि थे।




एलएस कॉलेज में प्रेरणा सत्र के दौरान मंच पर पूर्व डीडीसी, प्राचार्य व अन्य।

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE-07.09.2024, PAGE-06

# अंग्रेजी विभाग में 18 व 19 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेमिनार



अंग्रेजी विभाग में राष्ट्रीय सेमिनार को लेकर बैठक करते विभागाध्यक्ष।

मुजफ्फरपुर| बीआरएबीयू के अंग्रेजी विभाग में शुक्रवार को परिचर्चा सह आमंत्रण बैठक हुई। इसमें लैंग्वेज व लिटरेचर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करने की घोषणा की गई। विभागाध्यक्ष और विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. विनय शंकर राय ने बताया कि 18 व 19 अक्टूबर को संगोष्ठी होगी। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय 'टेक्स्ट एंड कॉन्टेक्स्ट इन लैंग्वेज एंड लिटरेचर इन इंग्लिश' रखा गया है। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के संरक्षण में हो रहे इस सेमिनार में देशभर के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। संगोष्ठी की आयोजक प्रो. मधुशालिनी ने बताया कि अंग्रेजी साहित्य में सभी प्रकार के विमर्श और लेखन पर संगोष्ठी में चर्चा-परिचर्चा की जाएगी। मौके पर अंग्रेजी विभाग से प्रो. ज्योति नारायण सिंह, प्रो. मधुर कुमार, डॉ. विनम्रता, डॉ. सौम्य सरकार, डॉ. उपेंद्र गामी के साथ शोधार्थी व छात्र रितिक कुमार, सुंदरम् सिंह, अपराजिता, अंजलि, शुभ्रा, सुमन, कृष्णा, श्रेयांश, आदर्श आदि मौजूद थे।

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE-07.09.2024, PAGE-06

# बिहार यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक बने डॉ. सुबालाल

मुजफ्फरपुर| बीआरएबीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान बनाए गए हैं। डॉ.



सुबालाल की नियुक्ति 2017 में बीपीएससी की ओर से की गई थी। वर्तमान में आरसी कॉलेज सकरा के मनोविज्ञान के सहायक प्राध्यापक हैं। वे निवर्तमान परीक्षा नियंत्रक डॉ. टीके डे का स्थान लेंगे। राजभवन की ओर से बीआरए बिहार विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के कुल 9 विश्वविद्यालयों में परीक्षा नियंत्रक के पद पर नियुक्ति हुई है। डॉ. सुबालाल पासवान ने बताया कि विश्वविद्यालय में छात्र हित को प्राथमिकता देते हुए कार्यों का निपटारा किया जाएगा। अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के सहयोग से विश्वविद्यालय में कार्यों को गति प्रदान करेंगे। उनकी प्राथमिकता में परीक्षा से लेकर परिणाम सबसे पहले होगा। शैक्षणिक सत्र लेट न हो, इसकी योजना बनाई जाएगी। प्रयास होगा कि छात्र-छात्राओं को परीक्षा विभाग में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। दूसरी ओर एलएनटी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. कृष्ण कुमार को टीएमबीयू भागलपुर का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR,
DATE-07.09.2024, PAGE-06

# अंग्रेजी भाषा व साहित्य पर राष्ट्रीय सेमिनार अगले माह

- अंग्रेजी विभाग में 18 व 19 अक्टूबर को होगा आयोजन
- बीएचयू, डीयू और लखनऊ विवि से आएंगे वक्ता

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के पीजी अंग्रेजी विभाग में 18 और 19 अक्टूबर को भाषा और साहित्य पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा। विभागाध्यक्ष सह प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय ने बताया कि सेमिनार में बीएचयू, डीयू और लखनऊ विश्वविद्यालय से वक्ता आएंगे।

सेमिनार की तैयारी को लेकर शुक्रवार को अंग्रेजी विभाग में विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सेमिनार का ब्रोशर जारी किया गया। सेमिनार का विषय टेक्स्ट एंड कॉन्टेक्स्ट इन लैंग्वेज एंड लिटरेचर इन इंग्लिश रखा गया है। प्रो. राय ने बताया कि कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के संरक्षण में इस सेमिनार में देशभर के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। आयोजक प्रो. मधुशालिनी ने सभी से सेमिनार में आने का आग्रह किया। विभाग के एलुमिनी छात्रों को भी सेमिनार में आने का निमंत्रण दिया जाएगा। सेमिनार में अंग्रेजी साहित्य में सभी प्रकार के विमर्श और लेखन पर चर्चा-परिचर्चा होगी। अंग्रेजी विभाग से प्रो. ज्योति नारायण सिंह, प्रो. मधुर कुमार, डॉ. विनम्रता, डॉ. सौम्य सरकार, डॉ. उपेंद्र गामी बैठक में आयोजक के तौर पर शामिल रहे।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR,
DATE-07.09.2024, PAGE-06

# सुबालाल बीआरएबीयू के परीक्षा नियंत्रक बने

मुजफ्फरपुर। राज्य के नौ विश्वविद्यालयों में नये परीक्षा नियंत्रक बनाये गये हैं। राजभवन ने शुक्रवार को इनकी नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया। डॉ. सुबालाल पासवान बीआरएबीयू मुजफ्फरपुर के परीक्षा नियंत्रक बने हैं।



डॉ. सुबालाल पासवान।

डॉ. श्यामल किशोर को पटना विवि, डॉ. शंकर कुमार मिश्रा को बीएन मंडल, मधेपुरा, डॉ. कृष्ण कुमार को तिलकमांझी भागलपुर, डॉ. मुकेश कुमार झा को केएसडीएस, दरंभगा, डॉ. अनवारुल हक अंसारी को वीकेएस, आरा, डॉ. अशोक कुमार मिश्रा को जेपी विवि, छपरा, डॉ. विनोद मंडल को मगध, तथा डॉ. दशरथ प्रजापति को मजहरुल हक विवि, पटना का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE-07.09.2024, PAGE-04**

## डा.सुबालाल बने विश्वविद्यालय के नए परीक्षा नियंत्रक

**जासं, मुजफ्फरपुर :** डा. सुबालाल पासवान को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। राजभवन की ओर से शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई है। वे आरसी कालेज सकरा के मनोविज्ञान के सहायक प्राध्यापक हैं। वर्ष 2017 में उनकी नियुक्ति बीपीएससी की ओर से की गई। वे निवर्तमान परीक्षा नियंत्रक डा. टीके डे का स्थान लेंगे। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के कुल नौ विश्वविद्यालयों में परीक्षा नियंत्रक के पद पर नियुक्ति हुई है। नए परीक्षा नियंत्रक वैशाली जिला के रहने वाले हैं। दूसरी ओर एलएनटी कालेज के मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक डा. कृष्ण कुमार को टीएमबीयू भागलपुर का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है।

**DAINIK JAGRAN MUZAFFARPUR DATE-07.09.2024 PAGE-04**

## शोध को बढ़ावा देने को मिलेगी वित्तीय सहायता

**जासं, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा देने के लिए अब वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसका प्रस्ताव विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किया गया है। 15 सितंबर तक शोधार्थी और प्राध्यापक एडवाइजरी कमेटी के समक्ष प्रस्ताव भेज सकेंगे। इसके बाद कमिटी की ओर से इसकी स्क्रीनिंग होगी। दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। नियमित से लेकर अतिथि शिक्षकों के लिए रिसर्च को अनिवार्य किया गया है। नियमित शिक्षकों को भी शोध पत्र का प्रकाशन कराना अनिवार्य है। दूसरी ओर अतिथि शिक्षकों के सेवा विस्तार के लिए भी शोध पत्र का प्रकाशन अनिवार्य बनाया गया है। इसके लिए उन्हें एक वर्ष में कम से कम एक रिसर्च पेपर प्रकाशितत होना चाहिए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN ,MUZAFFARPUR, DATE-07.09.2024,PAGE-04**

## अंग्रेजी विभाग के राष्ट्रीय संगोष्ठी का ब्रोशर जारी

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी अंग्रेजी विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए शुक्रवार को परिचर्चा और आमंत्रण बैठक हुई। इसमें दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कराने की घोषणा हुई। प्राक्टर सह विभागाध्यक्ष प्रो. बीएस राय ने संगोष्ठी का ब्रोशर जारी करते हुए कहा कि 18 व 19 अक्टूबर को संगोष्ठी होगी। इसका विषय टेक्स्ट एंड कान्टेक्स्ट इन लैंग्वेज एंड लिटरेचर इन इंग्लिश रखा गया है। कहा कि कुलपति प्रो. डीसी राय के संरक्षण में सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग से प्रो.ज्योति नारायण सिंह, प्रो. मधुर कुमार, डा. विनम्रता, डा.सौम्य सरकार, डा.उपेंद्र गामी व छात्र - छात्राओं में रितिक कुमार, सुंदरम सिंह, अपराजिता, अंजली, शुभ्रा आदि थे।

**DAINIK JAGRAN ,MUZAFFARPUR DATE-07.09.2024,PAGE-04**

## शोधार्थियों को अगले सप्ताह से मिलेगा कोर्स वर्क का सर्टिफिकेट

**2** **विभागों से अंक नहीं भेजे जाने के कारण होगी देरी, 24 विभागों से पहले भेजा जा चुका**

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीएचडी 2021 के शोधार्थियों को कोर्स वर्क का सर्टिफिकेट मिलेगा। अगले सप्ताह से विश्वविद्यालय की ओर से सभी पीजी विभागों में सर्टिफिकेट भेजा जाएगा। दो पीजी विभागों से अंक नही मिलने के कारण इसमें देरी होगी। वहीं 24 विभागों की ओर से पिछले दिनों अंक भेजा जा चुका है। इस आधार पर अब शोधार्थियों को सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जाएगा। विश्वविद्यालय की कोशिश है कि कोर्स वर्क के सर्टिफिकेट शनिवार से ही सभी पीजी विभागों को उपलब्ध कराया जाएगा। शोधार्थियों का छह महीने का कोर्स वर्क पूरा होने के बाद मई महीने में परीक्षा कराई गई।

**शोध प्रबंध जमा करने में देरी:** विश्वविद्यालय में अब होने वाले पीएचडी वायवा में कुलपति प्रो. डीसी राय खुद उपस्थित होते हैं। शोध की गुणवत्ता स्थापित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। ऐसे में शोध प्रबंध जमा करने में अभ्यर्थी देरी कर रहे हैं। पहले के मुकाबले में इसमें कमी आई है। बताया जा रहा है कि वायवा के दौरान अभ्यर्थी को अपने शोध की जानकारी देनी होती है।